प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ 2682-75 दिनांकः 16 .08.2021

**विषयः नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय** Health & Wellness Centre (HWC) **की स्थापना एंव संचालन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदया / महोदय,

प्रदेश के समस्त जनपदों में जन समुदाय को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने हेतु Health & Wellness Centre की स्थापना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। वर्ष 2020–21 तक कुल 459 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रूप मे संचालित करने की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुयी है। वर्ष 2021–22 में भारत सरकार द्वारा कुल 50 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रूप में सुदृढ़ीकृत किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस वर्ष जनपद स्तर पर आंवटित धनराशि मदवार उपलब्ध करायी जा रही है अतः सम्बन्धित मद में धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही धनराशि व्यय की जा सकेगी। प्राप्त अनुमोदन के सापेक्ष जनपदवार आवंटन निम्न तालिकानुसार किया गया है–

| S.N | District Name | Approved till 2020-21 | Approved in FY 21-22 | Total HWC |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Agra | 27 | | 27 |
| 2 | Aligarh | 13 | 2 | 15 |
| 3 | Prayagraj | 23 | | 23 |
| 4 | Ambedkarnagar | 3 | | 3 |
| 5 | Amethi | 0 | | 0 |
| 6 | J P Nagar | 4 | 1 | 5 |
| 7 | Auraiya | 1 | | 1 |
| 8 | Azamgarh | 2 | | 2 |
| 9 | Baghpat | 1 | 1 | 2 |
| 10 | Bahraich | 2 | | 2 |
| 11 | Ballia | 2 | | 2 |
| 12 | Balrampur | 1 | | 1 |
| 13 | Banda | 2 | | 2 |
| 14 | Barabanki | 1 | | 1 |
| 15 | Bareilly | 20 | | 20 |
| 16 | Basti | 0 | | 0 |
| 17 | Bijnor | 5 | 4 | 9 |
| 18 | Budaun | 2 | 1 | 3 |
| 19 | Buland Shahar | 6 | | 6 |
| 20 | Chandauli | 2 | | 2 |
| 21 | Chitrakoot | 0 | | 0 |
| 22 | Deoria | 2 | 1 | 3 |
| 23 | ETAH | 2 | | 2 |
| 24 | Etawah | 4 | | 4 |
| 25 | Ayodhya | 4 | 2 | 6 |
| 26 | Farrukhabad | 3 | | 3 |
| 27 | Fatehpur | 3 | | 3 |
| 28 | Firozabad | 10 | 2 | 12 |
| 29 | GB Nagar | 12 | | 12 |
| 30 | Ghaziabad | 36 | 4 | 40 |
| 31 | Ghazipur | 1 | 1 | 2 |
| 32 | Gonda | 1 | | 1 |
| 33 | Gorakhpur | 22 | | 22 |
| 34 | Hamirpur | 2 | | 2 |
| 35 | Hapur | 2 | 1 | 3 |
| 36 | Hardoi | 3 | | 3 |
| 37 | Hathras | 1 | | 1 |
| 39 | Jaunpur | 1 | | 1 |
| 40 | Jhansi | 10 | 1 | 11 |
| 41 | Kannauj | 3 | | 3 |
| 42 | Kanpur Dehat | 0 | | 0 |
| 43 | Kanpur Nagar | 45 | 3 | 48 |
| 44 | Kasganj | 0 | 1 | 1 |
| 45 | Kaushambi | 1 | | 1 |
| 46 | Kushinagar | 0 | 1 | 1 |
| 47 | Kheri | 2 | | 2 |
| 48 | Lalitpur | 2 | | 2 |
| 49 | Lucknow | 51 | 1 | 52 |
| 50 | Maharaj Ganj | 1 | | 1 |
| 51 | Mahoba | 2 | | 2 |
| 52 | Mainpuri | 2 | | 2 |
| 53 | Mathura | 4 | 4 | 8 |
| 54 | Mau | 3 | | 3 |
| 55 | Meerut | 21 | 3 | 24 |
| 56 | Mirzapur | 3 | | 3 |
| 57 | Moradabad | 18 | 4 | 22 |
| 58 | Muzaffar | 4 | 2 | 6 |
| 59 | Pilibhit | 1 | | 1 |
| 60 | Pratapgarh | 1 | | 1 |
| 61 | Rai Bareli | 3 | | 3 |
| 62 | Rampur | 1 | 1 | 2 |
| 63 | Saharanpur | 11 | 2 | 13 |
| 64 | Sambhal | 2 | | 2 |
| 65 | Sant Kabir | 2 | | 2 |
| 66 | Bhadohi | 1 | | 1 |
| 67 | Shahjahanpur | 3 | 3 | 6 |
| 68 | Shamli | 0 | 3 | 3 |
| 69 | Sharawasti | 0 | | 0 |
| 70 | Sidharthnagar | 0 | | 0 |
| 71 | Sitapur | 2 | | 2 |
| 72 | Sonbhadra | 1 | | 1 |
| 73 | Sultanpur | 2 | | 2 |
| 74 | Unnao | 3 | | 3 |
| 75 | Varanasi | 24 | | 24 |

| S. N | District Name | Approved till 2020-21 | Approved in FY 21-22 | Total HWC |
|---|---|---|---|---|
| 38 | Jalaun | 4 | 1 | 5 |

| S.N | District Name | Approved till 2020-21 | Approved in FY 21-22 | Total HWC |
|---|---|---|---|---|
| | Total | 459 | 50 | 509 |

1. **सेवाएं** – Health & Wellness Centre में Comprehensive primary Health Care (CPHC) के अन्तर्गत निम्न 12 सेवाएं प्रदान की जानी हैं –

   I. **गर्भावस्था एवं प्रसव सम्बन्धी सेवाएं**– Health & Wellness Centre क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली समस्त गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल जैसे–शीघ्र पंजीकरण, एम0सी0पी0 कार्ड उपलब्ध कराया जाना, वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, पेशाब की जाँच, ब्लड शुगर, पेट की जाँच, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं संदर्भन आदि की सेवाएं प्रदान की जानी है। इसके अतिरिक्त टी0डी0, आयरन एवं कैल्शियम सप्लीमेंटेशन उपलब्ध कराया जाना है। जिन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में प्रसव की सुविधा है वहाँ प्रसव कक्षों को सुदृढ़ किया जाना है एवं नवजात तथा माताओं सम्बन्धी आकस्मिकताओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी जानी है। प्रसव कक्ष में मानकानुसार न्यूबार्न केयर कॉर्नर की स्थापना भी की जानी है।

   II. **नवजात एवं शिशुओं से सम्बन्धित सेवाएं**– शिशुओं को पूर्ण टीकाकरण, डायरिया एवं निमोनिया की पहचान, प्राथमिक उपचार एवं संदर्भन, विटामिन–ए सप्लीमेंटेशन आदि सुनिश्चित कराया जाना है। इसके अतिरिक्त नवजात एवं शिशुओं का वजन, कुपोषण का चिन्हिकरण एवं संदर्भन किया जायेगा।

   III. **बाल्यकाल एवं किशोरावस्था सम्बन्धी स्वास्थ्य देखभाल**– 1–5 वर्ष के सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण डायरिया एवं निमोनिया से बचाव–उपचार एवं संदर्भन, बच्चो के विकास सम्बन्धी समस्याओं का चिन्हीकरण व संदर्भन एवं बच्चों की सामान्य बीमारियो की पहचान, प्राथमिक उपचार एवं संदर्भन किया जाएगा। किशोरावस्था स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह, मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव सम्बन्धी सलाह तथा किशोरियों को आयरन की गोलियाँ एवं मासिक धर्म सम्बन्धी सलाह एवं संदर्भन किया जाएगा।

   IV. **परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक साधन एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवायें**– Health & Wellness Centre पर आने वाले समस्त लक्षित दम्पत्तियों को परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श प्रदान किया जायेगा। परिवार नियोजन के साधन जैसे कण्डोम, ओरल पिल्स, इमरजेन्सी पिल्स, छाया एवं अन्तरा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना एवं आई0यू0सी0डी0 लगाने की नियमित सुविधा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त नसबन्दी एवं आई0यू0सी0डी0 के लाभार्थियों के फॉलो–अप की भी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। गर्भपात के सम्बन्ध में आवश्यक सलाह, फालो–अप एवं संदर्भन की सुविधा प्रदान की जायेगी। आर0टी0आई0 / एस0टी0आई0 एवं अन्य स्त्री रोग सम्बन्धी जाँच एवं संदर्भन किया जाएगा।

   V. **सामान्य संचारी रोगों का प्रबन्धन एवं सामान्य बीमारियों हेतु बाह्य रोगियों का इलाज**– संचारी रोग जैसे डायरिया, डीसेन्ट्री, टायफांईड, हैपेटाईटिस, रैबीज, कृमि रोग की पहचान एवं प्रबन्धन। सामान्य बीमारियां जैसे– बुखार, पेट दर्द, दस्त, जोड दर्द, त्वचा सम्बन्धी बीमारियों का प्राथमिक उपचार एवं आवश्यकतानुसार संदर्भन किया जाएगा।

   VI. **राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत संचारी रोगों का प्रबन्धन**–क्षय रोग की पहचान, संदर्भन तथा उपचार एवं default retrieval सम्बन्धी सेवायें प्रदान की जाएंगी। मलेरिया, फाइलेरिया, जे0ई0, डेंगू, कालाजार, एच0आई0वी0 एवं अन्य संचारी रोगों की जाँच, प्राथमिक उपचार एवं सदर्भन करना तथा दीर्घकालिक बीमारियों जैसे क्षय रोग एवं कुष्ठ रोग के रोगियों को समय से दवाईयां उपलब्ध कराया जाएगा।

   VII. **गैर संचारी रोगों की जाँच, बचाव, रोकथाम एवं प्रबन्धन**– 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त पुरूष एवं महिलाओं की प्रमुख गैर संचारी रोग जैसे–डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, तीन प्रकार के कैंसर (ओरल, सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट) की प्रारम्भिक जाँच, उपचार एवं संदर्भन किया जाएगा। गैर संचारी रोग से ग्रसित रोगियों का फॉलो–अप, default retrieval एवं संदर्भन किया जायेगा।

   VIII. **मुख स्वास्थ्य सम्बन्धी प्राथमिक सेवाएं**– इसके अन्तर्गत जनसमुदाय को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना जनसमुदाय में मुख एवं दन्त रोगों की पहचान जैसे कि–डेन्टल कैरीज, फ्लोरोसिस, पायरिया, क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट, आड़े टेढ़े दाँत, ओरल कैंसर के लक्षणों की पहचान एवं प्रारम्भिक जाँच, मुहँ के छाले, मसूढ़ों में खून, दाँत में दर्द, मुख एवं दाँत के ट्रामा का प्राथमिक उपचार एवं सन्दर्भन किया जाना है। जन समुदाय को तंबाकू, सुपारी, धूम्रपान इत्यादि के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना एवं नशीले पदार्थों को त्यागने हेतु काउन्सलिंग करना,

मुख स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, ब्रशिंग की विधि, उचित खान–पान, दाँतों एवं मसूढ़ों के रख–रखाव सम्बन्धित उपायों के बारे में जागरूक किया जाना मुख्य है।

IX. **नेत्र, नाक, कान एवं गला सम्बन्धी प्राथमिक सेवाएं**– इसके अन्तर्गत अन्धता एवं दृष्टि दोष की प्राथमिक स्क्रीनिंग, आँखों सम्बन्धी सामान्य समस्याएं जैसे– कन्जेक्टिवाइटिस, आँखों का लाल होना, आँखों में सूखापन, सामान्य सर्दी जुकाम, कान बहना, फैरिंजाइटिस, लैरिंजाइटिस, साइनोसाइटिस, नाक से खून आना इत्यादि की पहचान एवं प्राथमिक उपचार तथा उचित स्तर पर सन्दर्भित किया जाना।

X. **मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी प्राथमिक सेवाएं**– मानसिक रोग हेतु निर्धारित प्रपत्र का उपयोग कर जनसमुदाय में स्क्रीनिंग करना, जनसमुदाय में मानसिक रोगों जैसे कि–अवसाद, मंदबुद्धि, नशे की लत, मिर्गी, साइकोसिस, डिमेंशिया इत्यादि पर जगरूकता प्रदान करना। मानसिक रोगों की पहचान कर उचित संदर्भित करना। नशे की लत के शिकार व्यक्तियों को डीएडिक्शन केन्द्र पर सन्दर्भित करना, मानसिक रोगियों को काउन्सलिंग एवं फॉलोअप के द्वारा देखभाल करना प्रमुख कार्य हैं।

XI. **आकस्मिक दुर्घटना, बर्न एवं ट्रामा से सम्बन्धित सेवाएं**– इसके अन्तर्गत अपने क्षेत्र में घटित दुर्घटना की स्थिति में छोटी–मोटी चोट, फ्रैक्चर, जानवर के काटने, जहरील पदार्थों के सेवन इत्यादि का प्राथमिक उपचार एवं सन्दर्भन किया जाना अपेक्षित है। दैवीय आपदा की स्थिति में आपातकालीन सेवा एवं सन्दर्भन का प्रबन्ध, जलने, कटने, पानी में डूबने, कार्डियक एवं रेस्पिरेटरी इमर्जेन्सी, एक्यूट इंफेक्शन का प्रारम्भिक उपचार एवं सन्दर्भन के साथ ही ऐसे व्यक्तियों की पहचान जिनमें किसी प्रकार की गांठ, हेमोरॉयड, हर्निया इत्यादि की समस्या है एवं शल्य चिकित्सा की आवश्यकता है, की पहचान कर उचित स्तर पर सन्दर्भित करना प्रमुख अपेक्षित कार्य है।

XII. **वृद्धावस्था एवं पैलेटिव केयर से सम्बन्धित सेवाएं**– इसके अन्तर्गत उच्च जोखिम समूह की पहचान कर एवं परिवारों को पैलेटिव केयर सम्बन्धी सेवाओं की जानकारी प्रदान किया जाना है। वृद्ध एवं वृद्ध विकलांग हेतु चलने फिरने में मदद करने वाले यन्त्र एवं उपकरणों की उपलब्धता घरों पर भ्रमण कर उनकी सहायता करना, पेशेन्ट सपोर्ट ग्रुप की स्थापना करना तथा लोगों को इससे जोड़ना। जनसमुदाय में वृद्धों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं वृद्धों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, वृद्ध पर होने वाले किसी भी प्रकार की हिंसा/अत्याचार की पहचान कर परिवार के सदस्यों की काउन्सलिंग करना एवं असाध्य रोगों से ग्रसित लोगों में दर्द निवारण एवं पैलेटिव केयर की सुविधाएं प्रदान करना, वृद्ध अवस्था सेसम्बन्धित समस्याओं का निवारण एवं काउन्सलिंग, वृद्ध व्यक्तियों सम्बन्धी बीमारियों हेतु समुचित सन्दर्भन एवं फॉलोअप की व्यवस्था करना प्रमुख अपेक्षित कार्य है।

**नोट** – वर्तमान में उपरोक्त सेवाओं में से प्रथम 07 सेवाओं प्रदान की जा रही है शेष 05 सेवाओं को भी शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा।

2. **डायग्नोस्टिक सेवाए** – भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में Health & Wellness Centre में 63 प्रकार की जाँचें उपलब्ध कराई जानी है। इस हेतु जॉचों एवं आवश्यक सामग्री की सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। केन्द्र पर उपलब्ध संसाधन के आधार पर उक्त सूची में से अधिकतम जॉचे करायी जानी है। चिन्हित जॉचों हेतु आवश्यक सामग्रियों की नियमित आपूर्ति जनपद स्तर से सुनिश्चित की जानी है।

3. **औषधि एवं कन्ज्यूमेब्ल्स की उपलब्धता**– वर्तमान में समस्त नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर को औषधि एवं कन्ज्यूमेब्ल्स की उपलब्धता हेतु रू0 6,50,000/– प्रतिवर्ष की दर से अनुमोदन प्राप्त हुआ है। जिसमें से 80 प्रतिशत धनराशि का आवंटन औषधियों की आपूर्ति हेतु यू0पी0एम0सी0एल0 को किया जा रहा है। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर इन औषधियों की आपूर्ति आवश्यकतानुसार डी0वी0डी0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम करायी जायगी। डी0वी0डी0एम0एस0 की आई0डी0 पासवर्ड राज्य स्तर से उपलब्ध करायी जा चुकी है। पोर्टल के उपयोग हेतु यू0पी0एम0सी0एल0 के सहयोग से चिकित्साधिकारी एवं फार्मासिस्ट को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्थापित किये जाने वाले समस्त Health & Wellness Centre में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की ई0डी0एल0 सूची में अंकित औषधियों के अतिरिक्त एन्टी हाइपरटेन्सिव, एन्टी डायबटिक एवं एन्टी इपिलेप्टिक औषधियों को भी सम्मिलित किया जायेगा। उक्त सूची को Health & Wellness Centre में उपलब्ध सेवाओं के आधार पर परिवर्तित किया जा सकता है। यह प्रयास किया जाना चाहिए कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर निरन्तर दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। शेष 20 प्रतिशत धनराशि से आवश्यक कन्ज्यूमेब्ल्स का क्रय समस्त वित्तीय एवं क्रय नियमों को ध्यान में रखते हुये जनपद स्तर से किया जायेगा।

4. **टेलीमेडिसिन** – प्रदेश के समस्त जनपदों में आम जन को विशेषज्ञों एवं एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों से सलाह प्राप्त कराने के उद्देश्य से ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के

अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर तैनात चिकित्साधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेजों एवं मण्डल स्तरीय चिकित्सालयों में उपस्थित चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों से ई–संजीवनी सॉफ्टवेयर के माध्यम से चिकित्सकीय सलाह प्राप्त करायी जा रही है।

5. **समुदाय स्तर की सेवाओ हेतु गतिविधियाँ**– समुदाय को विस्तारित स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने एवं स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण हेतु यह आवश्यक है कि क्षेत्र के अन्तर्गत रहने वाले समस्त परिवारों को सूचीबद्ध करते हुए उनका पंजीकरण किया जाये। इस हेतु क्षेत्र में कार्य कर रही आशाओं द्वारा क्षेत्र के समस्त परिवारों का सर्वे कर परिवारो को पंजीकृत कर फैमिली फोल्डर में दर्ज किया जाएगा एवं परिवार के 30 वर्ष से अधिक आयु की महिला एवं पुरूष का Community Base Assessment Checklist (C-BAC) फार्म भरा जायेगा एवं गैर संचारी रोगों का रिस्क असेसमेंट किया जायेगा।

आशाओं को फैमिली फोल्डर, C-BAC फार्म एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे। यह फैमिली फोल्डर Health & Wellness Centre पर रक्षित किये जायेंगे। आशा द्वारा अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भरे हुए C-BAC फार्म एवं फैमिली फोल्डर ए0एन0एम0 के पास जमा किये जायेंगे। ए0एन0एम0 द्वारा अपने टैबलेट पर एन0सी0डी0 मोबाईल एप्लीकेशन में उक्त C-BAC फार्म एवं फैमिली फोल्डर की सूचनाओं को अंकित किया जायेगा। आशाओं द्वारा चरणबद्ध रूप से अपने क्षेत्र के 30 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूष जिनका C-BAC फार्म भरा गया है, का गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग हेतु Health & Wellness Centre पर संदर्भन किया जायेगा एवं यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उसके क्षेत्र के समस्त 30 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरूषों की स्क्रीनिंग डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप के लिए वर्ष में एक बार एवं तीनों प्रकार के कैंसर ओरल, ब्रेस्ट एंव सर्वाइकल कैसर की स्क्रीनिंग (पुरूषों के लिए केवल ओरल कैंसर स्क्रीनिंग) 5 वर्ष में एक बार अवश्य करा ली जायेगी।

स्क्रीनिंग के पश्चात पाये गये गैर संचारी रोगों से ग्रसित रोगियों की जाँच, उपचार एवं संदर्भन में हेल्थ वेलनेस सेण्टर के स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा, यदि किसी रोगी द्वारा इलाज के दौरान नियमित रूप दवा नहीं ली जा रही है तो उन्हें पुनः Health & Wellness Centre पर लाने की सूचना प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा सम्बन्धित आशा एवं ए0एन0एम0 को दी जायेगी। आशा द्वारा ए0एन0एम0 के सहयोग से विभिन्न गैर संचारी रोगों से ग्रसित रोगियों के समूह (Patient Groups) बनाये जायेगें, जिनकी समय–समय पर बैठक Health & Wellness Centre पर कराई जायेगी। इन बैठकों में सदस्यों द्वारा अपने अनुभव साझा किये जायेगें एवं नियमित रूप से औषधि का सेवन करने से होने वाले लाभों के बारे में भी चर्चा की जायेगी। जिससे अन्य लोगों को भी स्क्रीनिंग कराने हेतु प्रेरणा मिलेगी।

आशाओं द्वारा क्षेत्र में आयोजित किये जाने वाले शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों को अधिक सुदृढ़ कराया जायेगा, जिससे शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों को प्रदान की जाने वाली सेवायें अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचायी जा सके। इस हेतु आशाओं द्वारा नियमित रूप से गृह भ्रमण कर एवं एम0ए0एस0 की बैठकों में लोगों को शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों पर दी जाने वाली सेवाएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

6. **इन्फ्रास्ट्रक्चर** –चिन्हित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को Health & Wellness Centre के रूप में सुदृढ़ किया जाना है। प्रत्येक नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक कक्ष को Wellness Room के रूप में विकसित करते हुए प्रतिमाह कम से कम 10 योगा सत्र का आयोजन किया जाना है। योगा सत्र हेतु चटाई इत्यादि की व्यवस्था की जानी है। Wellness Room में लाभार्थियों की काउन्सिलिंग, स्क्रीनिंग आदि का कार्य भी किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर हेल्थ प्रमोशन से सम्बंधित गतिविधियों के सम्पादन हेतु भी स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। उपरोक्त हेतु राज्य स्तर से विकसित चेकलिस्ट के अनुसार अरबन हेल्थ कोऑर्डिनेटर द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहयोग से गैप एनालिसिस करायी जाएगी। गैप एनालिसिस के आधार पर आधारभूत संरचना (लघु मरम्मत, फर्नीचर, कक्ष विभाजन, बिजली एवं टेलीफोन से सम्बंधित कार्य, रनिंग वाटर, उपकरण, लॉजिस्टिक, योग हेतु चटाई एव स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत अन्य कार्य) एवं भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये Internal Branding & External Branding में उल्लेखित गतिविधियों से सम्बंधित कार्य मानकानुसार, नियमानुसार एवं वित्तीय नियमों को ध्यान में रखते हुए कराये जाने है।

**वित्तीय वर्ष 2021–22 में नवीन स्वीकृत 50 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु रु0 01.00 लाख प्रति हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की दर से धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि का उपयोग इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं आई0ई0सी0 हेतु किया जाना है।**

7. **मानव संसाधन** – नगरीय Health & Wellness Centre में किसी अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती नही की जानी है। प्रत्येक Health & Wellness Centre मे प्राथमिकता के आधार पर 01 एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा अधिकारी, 01 फार्मासिस्ट, 01 लैब टेक्नेशियन व कम से कम 01 स्टॉफ नर्स, की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी। उक्त

के अतिरिक्त नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सम्बन्धित क्षेत्र की समस्त आशायें एवं ए0एन0एम0 को भी Health & Wellness Centre टीम में सम्मिलित किया जायेगा।

8. **आई0टी0 सिस्टम** – प्रत्येक Health & Wellness Centre के लिए 01 कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु स्वीकृत 50 नवीन Health & Wellness Centre कम्प्यूटर, व प्रिंटर हेतु (@ Rs. 50,000/- per computer per HWC) तथा इन्टरनेट कनेक्शन हेतु (@ Rs. 10,000/- per year per HWC) धनराशि का प्राविधान DAP मे किया गया है। जिसके माध्यम से आर0सी0एच0 पोर्टल एवं Health & Wellness Centre हेतु विकसित एन0सी0डी0 एपलीकेशन आदि का संचालन किया जायेगा। प्रत्येक HWC द्वारा HWC पोर्टल पर Daily Reporting MOIC/स्टाफ नर्स के माध्यम से की जानी है। उक्त के अतिरिक्त प्रत्येक ए0एन0एम0 को राज्य स्तर से टेबलेट एवं सिमकार्ड उपलब्ध कराये गये है, जिस पर आर0सी0एच0 एवं एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग की entry की जानी है।

9. **आई0ई0सी0** – प्रत्येक Health & Wellness Centre पर स्वास्थ्य, संचारी एवं गैर संचारी रोगों से संबंधित प्रचार–प्रसार सामग्री प्रदर्शित की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त साइनेज, ई0डी0एल0 एवं सिटीजन चार्टर आदि भी प्रदर्शित की जानी है।

10. **प्रशिक्षण –हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर तैनात** पूर्ण कालिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, ए0एन0एम0 तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर द्वारा आच्छादित क्षेत्र की आशा का एन0सी0डी0 माड्यूल में प्रशिक्षण किया जाना अनिवार्य है। वर्ष 2020–21 तक स्वीकृत 459 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात उपरोक्त स्टाफ का प्रशिक्षण जनपद/मंडल स्तर पर किया जा रहा है।
वर्ष 2021–22 मे स्वीकृत 50 हेल्थ एण्ड वेलनस सेंटर पर तैनात स्टाफ के एन.सी.डी. माड्यूल पर प्रशिक्षण हेतु निर्देश पृथक से प्रेषित किये जायेगें।
    उक्त के अतिरिक्त ए0एन0एम0 एवं चिकित्साधिकारी का एन0सी0डी0 एपलिकेशन में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

11. **आशा हेतु परफारमेंस बेस्ड इंसेन्टिव (U.3.1.1.2)** – Health & Wellness Centre के क्षेत्र की आशाओं को अपने क्षेत्र में हेल्थ एण्ड वेलनेस संबंधी गतिविधियो हेतु अधिकतम रू0 1000/– प्रति माह की अतिरिक्त प्रतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। उपरोक्त प्रतिपूर्ति राशि प्रदान किये जाने हेतु मानक निम्नवत हैं।

**तालिका– नगरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर आशा को कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु सूचकांक –**

| गतिविधि | लभार्थी की आयु | प्रारंभिक जांच की आवृत्ति | अपेक्षित वार्षिक लाभार्थी (1000–2500 जनसंख्या) | अपेक्षित मासिक लाभार्थी (1000–2500 जनसंख्या) |
|---|---|---|---|---|
| उच्च रक्तचाप | 30 वर्ष या अधिक | वर्ष मे 01 बार | **370–925** | **31–78** |
| मधुमेह | 30 वर्ष या अधिक | वर्ष मे 01 बार | **370–925** | **31–78** |
| स्तन कैंसर | 30–65 वर्ष | 05 वर्ष मे 01 बार | **181–453** | **3–8** |
| मुह का कैंसर | 30–65 वर्ष | 05 वर्ष मे 01 बार | **370–925** | **6–15** |
| बच्चेदानी के मुह का कैंसर | 30–65 वर्ष | 05 वर्ष मे 01 बार | **181–453** | **3–8** |
| परिवार सर्वे (सी बैक फार्म अंकन सहित) | 30 वर्ष या अधिक | वर्ष मे 01 बार | **200–500 घर** | **17–42 घर** |

**प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु प्रदान सेवाओं का ऑकलन–** उपरोक्त तालिका मे वार्षिक लक्ष्य की गणना यह मानते हुए की गयी है कि 37 प्रतिशत जनसंख्या 30 वर्ष से अधिक आयु की है। कार्य की सुगमता हेतु प्रत्येक मानक हेतु एक समान धनराशि का आवंटन किया गया है। आशा द्वारा अपने क्षेत्र की जनसंख्या के अनुसार किसी सूचकांक के अपेक्षित मासिक लक्ष्य का 60 प्रतिशत या अधिक कार्य पूर्ण किये जाने पर उस सूचकांक हेतु आवंटित 100 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा, 30–59 प्रतिशत की उपलब्धि पर 50 प्रतिशत भुगतान किया जायेगा तथा 30 प्रतिशत से कम की उपलब्धि पर कोई भुगतान नही किया जायेगा।

    उदाहराणार्थ यदि किसी आशा के क्षेत्र की जनसंख्या 2000 है तथा उसने माह मे 30 लाभार्थियो की उच्च रक्तचाप के लिए स्क्रीनिंग कराई है तो इस हेतु उसको देय प्रोत्साहन राशि की गणना निम्नवत की जायेगी–

उच्च रक्तचाप स्क्रीनिंग हेतु मासिक लक्ष्य= 2000×37/100×12 = 62 लाभार्थी

लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिशत उपलब्धि= 30×100/62= 48 प्रतिशत

48 प्रतिशत उपलब्धि के सापेक्ष उक्त सूचकांक हेतु देय प्रतिपूर्ति राशि= (1000 / 6)×50 / 100= 83 रू0

इसी प्रकार सभी सूचकांक हेतु लक्ष्य के सापेक्ष किये गये कार्य के आधार पर आशा को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा।

आशाओं को देय प्रतिपूर्ति राशि का सत्यापन सम्बन्धित ए0एन0एम0 तथा Health & Wellness Centre के चिकित्साधिकारी द्वारा किया जायेगा। आशा द्वारा उक्त धनराशि का अंकन वाउचर में अन्य प्रतिपूर्ति राशि के साथ अंकित कर भुगतान हेतु ए0एन0एम0 के माध्यम से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (Health & Wellness Centre) पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह भुगतान आशा को दिये जाने वाले अन्य भुगतानों के साथ ही किया जाएगा, जो पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उनके खाते में स्थानांतरित कर दी जायेगी।

**टीम बेस इन्सेंटिव** – पूर्व मे स्वीकृत 459 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के लिए टीम बेस इन्सेटिंव हेतु रु0 1.80 लाख प्रति हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर प्रतिवर्ष की दर से अनुमोदित है। जिसके दिशा–निर्देश पृथक से प्रेषित किये जायेगें।

12. **मूल्यांकन एवं अनुश्रवण** – Health & Wellness Centre द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 / अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर व अन्य द्वारा नियमित रूप से की जायेंगी । प्रत्येक माह जनपद स्तर पर बैठक आयोजित कर Health & Wellness Centre में प्रदान की जा रही सेवाओं, लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, केन्द्र द्वारा संदर्भित रोगियों के विषय में एवं एच0डब्लू0सी0 के संचालन में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में Health & Wellness Centre के प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठकों में Health & Wellness Centre के सम्बन्ध में चर्चा किया जाना अनिवार्य है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया दिये गये दिशा निर्देश की प्रति संबंधित अधिकारियो प्राप्त करा दे तथा इन निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना न रहे। किसी भी दशा में उपलब्ध करायी गयी धनराशि का अन्य किसी मद में व्यय न किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पायी जाती है, तो सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

Aparna.U.

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांकः SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ तददिनांक

**प्रतिलिपि**: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. महाप्रबंधक, एम0आई0एस0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त दिशा–निर्देशों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. संयुक्त निदेशक, नगरीय, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जनपदीय नोडल अधिकारी, एन.यू.एच.एम, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक / अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट उत्तर प्रदेश।
10. समस्त जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक / शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश।

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0

## Annexure-1: Tests to be performed at HWCs

| List of Diagnostics at PHC/UPHC - HWC Level | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **SN** | **Diagnostic test** | **Test to be conducted at PHC or nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH)** | **Special remarks** | **Human resource required for conducting the test at health care facility** | **Required Equipment** |
| 1 | Hemoglobin^ | a) PHC<br>b) Hub lab (CHC/SDH/DH) | The samples for these tests will be transported to the nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH. If transportation time of samples from PHC to nearest hub laboratory is high because of large distance or poor road connectivity, then these tests will be carried out at PHC itself and the PHC will then be provided with a hematology analyzer. | a) ANM/Lab Tech<br>b) Lab Tech | a) Digital Heamoglobinometer<br>b)Hematology Analyzer |
| 2 | TLC^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Hematology Analyzer |
| 3 | DLC^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Hematology Analyzer |
| 4 | Platelet count^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Hematology Analyzer |
| 5 | CBC | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Hematology Analyzer |
| 6 | ESR^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Manual with reading using ESR analyzer |
| 7 | Blood group^ | PHC | | Lab tech | Blood Group Kit (Manual) |
| 8 | Peripheral blood film^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Microscopy |
| 9 | Human chorionic gonadotropin (HCG) (Urine test for pregnancy)^ | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid card Test |
| 10 | Urine test for ph, specific gravity, glucose, bilirubin, urobilinogen, ketone, protein, nitrite^ | PHC | | Lab tech | Multi parameter test strips (Dipstick) |
| 11 | Urine Microscopy | PHC | | Lab tech | Microscopy |
| 12 | 24-hours urinary protein | PHC | | Lab tech | - |
| 13 | Stool for ova and cyst^ | PHC | | Lab tech | Microscopy |
| 14 | Test for Dengue^ | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid card test for NSI antigen and IgM and IgG antibodies |
| 15 | Sickling Test for Sickle cell anemia | Hub lab (DH/SDH/CHC) | | Lab Tech | Manual with Microscopy |
| 16 | a) MP slide method ^ and<br>b) Malaria rapid test^ | PHC | | a) Lab tech<br>b) ANM/Lab tech | a) Microscopy<br>b) Rapid card tests for combined P. Falciparum and P. Vivax |
| 17 | RPR/VDRL test for syphilis^ | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid Card Test |

| List of Diagnostics at PHC/UPHC - HWC Level | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **SN** | **Diagnostic test** | **Test to be conducted at PHC or nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH)** | **Special remarks** | **Human resource required for conducting the test at health care facility** | **Required Equipment** |
| 18 | HIV test (Antibodies 1/2 and HIV 1/2)^ | PHC | Need to follow guidelines from NACO, and protocol for new-born screening (ICTC center level) | ANM/Lab tech | Rapid card Test |
| 19 | Hepatitis B surface antigen test | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid Card Test |
| 20 | Sputum for AFB^ | PHC | | Lab tech | Microscopy |
| 21 | Typhoid test (IgM) | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid Card Test |
| 22 | Blood sugar^ | a) PHC<br>b) Hub lab (CHC/SDH/DH) | The samples for these tests will be transported to the nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH. If transportation time of samples from PHC to nearest hub laboratory is high because of large distance or poor road connectivity, then these tests will be carried out at the PHC itself and the PHC will then be provided a fully/semi- automated biochemistry analyzer. | a) ANM/Lab tech<br>b) Lab tech | a) Digital Glucometer<br>b) Fully automatic biochemistry analyzer |
| 23 | Glucose Tolerance test (GTT) | Hub lab -(CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 24 | S. Bilirubin (T)^ | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 25 | S. Bilirubin direct and indirect | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 26 | Serum creatinine | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 27 | Blood Urea | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 28 | SGPT | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 29 | SGOT | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 30 | S. Alkaline Phosphatase | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 31 | S.Total Protein | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 32 | S. Albumin | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 33 | S. Total Cholesterol | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 34 | S. Triglycerides | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |

| List of Diagnostics at PHC/UPHC - HWC Level | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **SN** | **Diagnostic test** | **Test to be conducted at PHC or nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH)** | **Special remarks** | **Human resource required for conducting the test at health care facility** | **Required Equipment** |
| 35 | S.VLDL | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 36 | S.HDL | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 37 | S. LDL | Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 38 | Urine & Stool Occult Blood | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Manual Kit |
| 39 | Serum Sodium & Potassium | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab Tech | Electrolyte Analyzer |
| 40 | HCV Antibody Test (Anti HCV) | PHC | | ANM/Lab tech | Rapid Card Test |
| 41 | Reticulocyte count and absolute eosinophil | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab Tech | Manual Method |
| 42 | Bleeding time and clotting time^ | PHC | | ANM/Lab tech | Manual |
| 43 | Smear for RTI/STD | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Wet mounting, gram staining |
| 44 | Smear for leprosy | Hub lab (DH) | | Lab tech | Microscopy |
| 45 | Gram staining for clinical specimen | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Microscopy |
| 46 | Throat swab for Diphtheria | Hub lab (DH) | | Lab tech | Microscopy |
| 47 | Pap smear | Hub lab (DH) | The samples for these tests will be transported to the nearest hub laboratory at DH. | Pathologist | Microscopy |
| 48 | Visual Inspection Acetic Acid (VIA) | PHC | | ANM | Manual |
| 49 | rK39 for Kala Azar* | PHC (endemic areas only) | | Lab Tech | Rapid Card Test |
| 50 | Filariasis* | a) PHC<br>b) Hub lab (CHC/SDH/DH) | | Lab Tech | a)Rapid Card Test<br>b)Microscopy |
| 51 | TB - Montoux | PHC | | Lab Tech | Manual |
| 52 | Reduction test for screening G6PD deficiency | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Manual |
| 53 | TSH (including for new-born screening) | Hub lab (DH) | | Lab tech | Chemiluminescence immunoassay |

| List of Diagnostics at PHC/UPHC - HWC Level | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SN | Diagnostic test | Test to be conducted at PHC or nearest hub laboratory at CHC/SDH/DH) | Special remarks | Human resource required for conducting the test at health care facility | Required Equipment |
| 54 | Urine Culture and antimicrobial sensitivity | Hub lab (DH) | | Microbiologist | Manual culture and automated bacterial identification and antimicrobial sensitivity |
| 55 | Prothrombin Time (PT) | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Automated coagulation analyzer |
| 56 | Activated partial thromboplastin time | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Automated coagulation analyzer |
| 57 | RA factor | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Turbid meter |
| 58 | CRP(including new born) | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Turbidometer |
| 59 | Uric Acid | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Fully automatic biochemistry analyzer |
| 60 | Japanese Encephalitis* | a)Hub lab (DH) if ELISA<br>b)PHC | | Lab Tech | a) ELISA<br>b) Rapid Card Test |
| 61 | Scrub typhus test* | a)Hub lab (DH) if ELISA<br>b)PHC | | Lab Tech | a) ELISA<br>b) Weil Felix |
| 62 | Serum Calcium | Hub Lab (CHC/SDH/CHC) | | Lab tech | Electrolyte Analyzer with indirect ion selective electrode |
| 63 | Cytology / biopsy | Hub lab (DH) | | Pathologist | Microscopy |

48 प्रतिशत उपलब्धि के सापेक्ष उक्त सूचकांक हेतु देय प्रतिपूर्ति राशि= (1000 / 6)×50 / 100= 83 रू0

इसी प्रकार सभी सूचकांक हेतु लक्ष्य के सापेक्ष किये गये कार्य के आधार पर आशा को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा।

आशाओं को देय प्रतिपूर्ति राशि का सत्यापन सम्बन्धित ए0एन0एम0 तथा Health & Wellness Centre के चिकित्साधिकारी द्वारा किया जायेगा। आशा द्वारा उक्त धनराशि का अंकन वाउचर में अन्य प्रतिपूर्ति राशि के साथ अंकित कर भुगतान हेतु ए0एन0एम0 के माध्यम से नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (Health & Wellness Centre) पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह भुगतान आशा को दिये जाने वाले अन्य भुगतानों के साथ ही किया जाएगा, जो पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उनके खाते में स्थानांतरित कर दी जायेगी।

**टीम बेस इन्सेंटिव** – पूर्व मे स्वीकृत 459 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के लिए टीम बेस इन्सेटिंव हेतु रू0 1.80 लाख प्रति हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर प्रतिवर्ष की दर से अनुमोदित है। जिसके दिशा–निर्देश पृथक से प्रेषित किये जायेगें।

12. **मूल्यांकन एवं अनुश्रवण** – Health & Wellness Centre द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 / अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर व अन्य द्वारा नियमित रूप से की जायेंगी । प्रत्येक माह जनपद स्तर पर बैठक आयोजित कर Health & Wellness Centre में प्रदान की जा रही सेवाओं, लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, केन्द्र द्वारा संदर्भित रोगियों के विषय में एवं एच0डब्लू0सी0 के संचालन में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में Health & Wellness Centre के प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठकों में Health & Wellness Centre के सम्बन्ध में चर्चा किया जाना अनिवार्य है।

आपसे अनुरोध है कि कृपया दिये गये दिशा निर्देश की प्रति संबंधित अधिकारियो प्राप्त करा दे तथा इन निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना न रहे। किसी भी दशा में उपलब्ध करायी गयी धनराशि का अन्य किसी मद में व्यय न किया जाये। यदि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता पायी जाती है, तो सम्बन्धित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक: SPMU/NUHM/Guideline/2020-21/47/ 2682-75(10) तददिनांक।

**प्रतिलिपि:** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
6. महाप्रबंधक, एम0आई0एस0 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त दिशा–निर्देशों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. संयुक्त निदेशक, नगरीय, परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त जनपदीय नोडल अधिकारी, एन.यू.एच.एम, उत्तर प्रदेश।
9. समस्त मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक / अरबन हेल्थ कन्सल्टेंट उत्तर प्रदेश।
10. समस्त जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक / शहरी स्वास्थ्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश।

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक, एन0यू0एच0एम0